## ठगी के रुपये कराए रिफंड

**कोटा,** (निसं)। साइबर थाना पुलिस टीम ने ट्रेडिंग में इनवेस्टमेंट के नाम पर फरियादी से ठगी गई राशि को पीड़ित के खाते में रिफंड कराने की कार्यवाही की है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि ट्रेडिंग में इनवेस्टमेंट के नाम पर अज्ञात साइबर ठगों द्वारा युवक से 9 लाख 20 हजार की साइबर ठगी की शिकायत सामने आने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक सतीश चंद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए साइबर पोर्टल से प्राप्त शिकायत पर बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर साइबर ठगों द्वारा ठगे गये 7 लाख 60 हजार 570 रूपये होल्ड करवाकर पुनः फरियादी के खातें रिफंड कराने में सफलता प्राप्त की। शहर एसपी ने बताया कि 25 दिसंबर 2024 को रॉयल ऑरचिट निवासी जगबीर ने थाने मे शिकायत दी थी कि 12 दिसंबर को उसके मोबाईल पर एक अंजान नंबर से लिंक आया जिस पर क्लिक करने पर आर्या आनंद के नाम से लिंक ऑपन हुआ। फरियादी ने कहा कि उससे चैट की तो उसने ट्रेडिंग में इनवेस्टमेंट करने के लिये बताया तथा 100 से 200 प्रतिशत का लाभ देना बताया फिर उसके मोबाईल पर ठग ने एपीके फाईल का लिंक भेजकर एप डॉउनलोड करवाकर फरियादी से अलग-अलग ट्रांसजेक्शन में कुल 9 लाख 20 हजार अलग-अलग खातों में जमा करवा लिये।

# अग्रवाल युवक युवतियों ने परिचय सम्मेलन में रखी मन की बात

**कोटा,** (निसं)। अग्रवाल सेवा उत्थान समिति के तत्वावधान में नयापुरा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय युवक युवती परिचय का रविवार को समापन हुआ। संस्था के महामंत्री संजय गोयल व गजानन्द सिंघल ने बताया कि परिचय सम्मेलन में विभिन्न स्थानों से आए, 225 युवक युवतियों व उनके परिजनों ने परिचय दिया। उन्होंने अपनी पसंद नापसंद बताते हुए योग्य रिश्तों की चाह रखी। युवतियां बोली दहेज लेने वाले संपर्क ना करें। हमसफर आत्मनिर्भर होना चाहिए। युवाओं ने कहा कि वह शिक्षित और परिवार में सामंजस्य बनाकर चलने वाली जीवनसंगिनी चाहते हैं। संस्था के सम्भागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक सन्दीप शर्मा, नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेश बिरला, भाजपा कोटा जिला अध्यक्ष राकेश जैन, समाजसेवी सन्दीप अग्रवाल चाँदीवाला, सुरेन्द्र अग्रवाल, नवल गर्ग, अनूप सिंघल, हरिप्रसाद अग्रवाल, हुकुम मंगल, बूंदी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महेश जिन्दल, असनावर समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश जिन्दल थे। संदीप शर्मा ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा सेवा में आगे रहता है। बेटी पढ़ाने व बचाने के साथ संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। राजेश बिरला ने कहा कि दहेज जैसी कु प्रथाओं से बचना चाहिए। बच्चों को रोजगार के लिए विदेश न भेजें। आज भारत में सभी अवसर मिल रहे। सम्भागीय महिला अध्यक्ष किरण अग्रवाल व महामंत्री किरण गोयल ने बताया कि परिचय देने वाले युवक युवतियों के बायोडाटा को सचित्र अग्र पहल में प्रकाशित किया गया है। इसमें देखकर मंच से परिचय कराया जा रहा था। वहीं अभिभावकों और युवक युवतियों की निगाहें भी दिनभर पुस्तक में योग्य रिश्ता ढूंढने में ही बीता। मंच संचालन एडवोकेट दीपक मित्तल व महेश मित्तल ने किया। ज्योतिषाचार्य गणेश दत्त जोशी व प्रमिला गुप्ता द्वारा निशुल्क कुंडली मिलान किया गया। इस अवसर पर भंवरलाल अग्रवाल, जीतेन्द्र गोयल, विशाल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, सुनीता गोयल, ललित ऐरन, रजनीश गर्ग, सुधीर गुप्ता, आराधना अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, शालू अग्रवाल, नीरू गुप्ता, अनिल मंगल, वरुण अग्रवाल, कृष्ण गुप्ता, उर्मिला मित्तल, राजकुमारी अग्रवाल, रीना अग्रवाल, आशा अग्रवाल मौजूद रहे।



कोटा में अग्रवाल युवक युवतियों ने परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ है।

## गुमशुदा छात्र को गाजियाबाद से किया दस्तयाब

**कोटा,** (निसं)। जवाहर नगर इलाके से लापता हुई नाबालिग कोचिंग छात्रा को मानव तस्करी विरोधी यूनिट टीम ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से दस्तयाब किया। कोचिंग छात्रा पिछले पांच दिन से लापता चल रही थी। वह कोटा में रहकर आईआईटी जेइई की तैयारी कर रही थी। शहर एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 8 जनवरी को राजीव गांधी नगर निवासी हॉस्टल संचालक ने थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा कि बिहार की 17 वर्षीय कोचिंग छात्रा 9 माह से उनके हॉस्टल रहकर आईआईटी जेइई की कोचिंग कर रही थी।

जो 7 जनवरी को हॉस्टल से बिना बताये कही चली गई है। शहर एसपी ने बताया कि कोचिंग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला अपराध एवं अनुसंधान सेल के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा के निर्देशन में मानव तस्करी विरोधी यूनिट की उपनिरीक्षक प्रभारी बबिता चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने हॉस्टल पहुंचकर हॉस्टल एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चैक किया। साथ ही कोटा के अभय कमाण्ड सेन्टर एवं रेल्वे स्टेशन सीसीटीवी फुटेज चैक करने पर कोचिंग छात्रा सोगरिया रेल्वे स्टेशन से नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन में बैठने के फुटेज प्राप्त हुए।

# महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर 200 कुंडीय यज्ञ सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति, आर्य समाज कोटा, और शुभ संकल्प सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 200 कुंडीय यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यज्ञ के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम संयोजक एवं शुभ संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष ईश्वर लाल सैनी ने बताया कि गालव सामुदायिक केंद्र के योग कक्षा प्रांगण में आयोजित इस विशाल यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। लोगों ने सपत्निक यज्ञ में बैठकर वैदिक विधियों का पालन किया। इस आयोजन में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यज्ञ विधि को पूर्ण किया। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य

- **वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है योग : मुख्य आचार्य स्वामी यज्ञ देव**

हरिद्वार से पधारे स्वामी यज्ञ देव ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, यज्ञ न केवल एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है, बल्कि यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी है। यज्ञ से पर्यावरण शुद्ध होता है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि यज्ञ का धार्मिक स्वरूप हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा देता है। ईश्वर लाल सैनी ने यज्ञ के लाभों को रेखांकित करते हुए कहा, यज्ञ हमारी परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।

## बच्चों,मजदूरों को कलेवा दिया

**कोटा,** (निसं)। राजभंवर वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में सर्दी की सुबह में कोटा शहर में बच्चों एवं मजदूरों को कलेवा वितरण कर एक अनूठी पहल की शुरुआत की राजभंवर वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी महेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि राजभंवर वेलफेयर ट्रस्ट वर्ष 2012 से कोटा एवं जोधपुर में विभिन्न सेवा कार्यों को लगातार कर रहा है जिसमें बच्चों को स्कूल ड्रेस मुक्तिधाम एवं मंदिरों पर बैठने के लिए बैंचो की स्थापना, भोजन वितरण कलेवा वितरण ऊनी वस्त्र वितरण समेत अनेक सेवा कार्य निरंतर जारी है। ट्रस्टी चौहान ने बताया कि सर्दी की सुबह में मुख्य अतिथि समाजसेवी के के शर्मा कमल, एवं न्यू कोट इंटरनेशनल सोसाइटी की अध्यक्ष अंजू शर्मा समाजसेवी राम सिंह पवार की अगवाई में ट्रस्ट के तत्वाधान में श्रीनाथपुरम क्षेत्र में ट्रस्ट के कार्यालय पर स्टॉल लगाकर बच्चों एवं मजदूरों को प्रात कालीन नाश्ते के रूप में पोहा का वितरण किया गया।

# कोटा जिले में 475 नव नियुक्त कार्मिकों को मिला नियुक्ति पत्र

**कोटा,** (निसं)। स्वामी विवेकानन्द जयंती पर रविवार को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नव नियुक्त कार्मिकों (कर्मयोगियों) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। प्रदेशभर में 13 हजार से अधिक नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। साथ ही, मुख्यमंत्री ने बिरला ऑडिटोरियम से करीब 31 हजार करोड़ रूपये के 76 हजार 574 कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास/लोकार्पण किया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती का यह अवसर युवाओं के लिए प्रेरणा एवं एक नया संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने युवाओं को उठो, जागो एवं देश-दुनिया पर छा जाओ का संदेश दिया था। स्वामी विवेकानन्द के इस संदेश को आत्मसात् करते हुए हमारे युवा विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। हमारी सरकार हर क्षेत्र में विकास के लिए कृतसंकल्पित है। पिछले एक वर्ष में प्रदेश में युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने वाला माहौल तैयार हुआ है। राज्य सरकार ने पूरे वर्ष का नियुक्ति कैलेंडर जारी कर दिया है। विभिन्न जिलों में कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय रोजगार उत्सव का आयोजन कोटा के सिआम ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सांकेतिक रूप से विभिन्न विभागों के 12 नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। जिले में कुल 475 कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इनमें चिकित्सा विभाग के 175, पुलिस विभाग के 227, वित्त विभाग के 59 नव नियुक्त कार्मिकों सहित अन्य विभाग के कर्मयोगी शामिल हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, जनप्रतिनिधि राकेश जैन, कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, एडीएम सिटी अनिल सिंघल, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'लीवर को रखना है स्वस्थ तो संतुलित आहार और व्यायाम अपनाएं'

**कोटा,** (निसं)। अत्यधिक शराब का सेवन, तैलीय और जंक फूड, मोटापा, और व्यायाम की कमी लीवर की समस्याओं के मुख्य कारण हैं। इसके अलावा जीवनशैली, असंतुलित खानपान और बढ़ते तनाव के कारण लीवर की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। मेदांता हॉस्पिटल के प्रतिष्ठित कंसल्टेंट और लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अंकुर अटल गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में हेल्थ टॉक में यह बात कही। कोटा डवलपमेंट फोरम और मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से कुन्हाड़ी स्थित नीजि होटल में एक हेल्थ टॉक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को लीवर से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा देना था। इस अवसर पर उन्होंने लीवर से जुड़ी बीमारियों, उनके बचाव और आधुनिक चिकित्सा विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कोटा डवलपमेंट फोरम की जनरल सेक्रेटरी आशा शर्मा ने किया। उपाध्यक्ष कुलवंत गौड और फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ. टी.सी. मेहता ने मुख्य अतिथि डॉ.अंकुर अटल गुप्ता का स्वागत किया। सेक्रेटरी कंचन ठाकुर ने पूरे कार्यक्रम का संचालन करते हुए इसे एक व्यवस्थित रूप दिया। डॉ.अंकुर अटल गुप्ता ने बताया कि आज की अत्यधिक शराब का सेवन, तैलीय और जंक फूड, मोटापा, और व्यायाम की कमी लीवर की समस्याओं के मुख्य कारण हैं। इसके अलावा, वायरल संक्रमण, खासतौर पर हेपेटाइटिस-बी और सी, भी गंभीर लीवर रोगों का कारण बन सकते हैं। बचाव के उपायों पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त जल का सेवन, और तंबाकू व शराब से दूरी बनाकर लीवर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

## डॉ. भूपेंद्र कुमार राठौर ने किया पत्र वाचन

**कोटा,** (निसं)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा 11 से 13 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा दिवस विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में आयोजित शास्त्र पद्धति त्रिदिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में हाड़ौती संस्कृत अकादमी, कोटा के निदेशक डॉ. भूपेंद्र कुमार राठौर ने ऑनलाइन वैदिक वाङ्मय में लोक कल्याण की अवधारणा विषय पर शोध पत्र का वाचन किया। शोध पत्र में बताया कि वैदिक शिक्षाएं विश्व बंधुत्व, वैश्विक कल्याण एवं वैश्विक अभ्युदय की साधक है । वेदों में गो - महिमा, नारी - सम्मान, सदाचार, तप, प्रकृति संरक्षण, चिकित्सा व्यवस्था, यज्ञ, पृथ्वी तथा जल संरक्षण आदि का व्यापक वर्णन है।

# भागवत कथा का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। श्री महर्षि दधीचि छात्रावास में चल रही भागवत कथा के पंचवे दिवस कथा व्यास आचार्य पंडित कौशल किशोर दाधीच (रायथल) ने भक्तिभाव से कथा का वाचन किया।

श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कृष्ण जन्म, नन्दोत्सव एवं श्रीकृष्ण - रुक्मिणी विवाह प्रसंग को विस्तार से कथावाचक ने सुनाया गया। कथा स्थल पर भक्ति और आनंद का वातावरण बना रहा। अतिथि पीपल्दा विधायक चेतन पटेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी, पीसीसी सदस्य क्रांति तिवारी, गौतम समाज महिला राष्ट्रीय सचिव संतोष शर्मा रहे। समाज बंधु अध्यक्ष रविंद्र जोशी, मंत्री निमेष पुरोहित, राजेश दाधीच, मुख्य सलाहकार नागेश दाधीच, आशीष दाधीच, अमित दधीच युवा मंडल अध्यक्ष कमल दाधीच महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता दाधीच, मंत्री अंबिका दाधीच, मोनिका शर्मा, प्रीति दाधीच, आरती दाधीच आदि उपस्थित रहे। नंद के आनंद भये जय कन्हैया लाल की, की गूंज के साथ कन्हैया जन्में। दाधीच छात्रावास प्रांगण में कृष्ण जयकारों से गूंज उठा। चौतरफा बधाईयों का सिलसिला चल पड़ा की नंद के आनंद कन्हैयाश् जन्में हैं। इस उत्सव में ग्वालन बनी महिलाओं ने नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया तो पुरूष वासुदेव बन बाल कान्ह को अपने सिर पर उठायें कर घूमें। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। कथा वाचक आचार्य पंडित कौशल किशोर दाधीच ने संगीतमय भजनों से कृष्ण जन्म के गीतो को प्रारंभ कर, जय कन्हैया लाल की जयकारों से पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया।

# राजस्थान में मौत का सबसे बड़ा कारण सीओपीडी

**कोटा,** (निसं)। जायसवाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं न्यूरो इंस्टीट्यूट, अस्थमा केयर सेंटर, पुलमोएवा फाउंडेशन सोसायटी की ओर से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन होटल मेनाल रेजीडेंसी, बूंदी रोड, कोटा पर रविवार को किया गया। श्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ. केवल कृष्ण डंग ने बताया कि इस एक दिवसीय सेमीनार में श्वांस से सम्बंधित रोग, उनसे बचाव जागरुकता एवं आधुनिक तकनीक से हो रहे उपचार सहित विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए साथ ही नई तकनीक और दवाओं के बारे में विस्तार से बताया साथ ही भ्रांतियों को दूर किया। इटरनल हॉस्पिटल के डॉ. केके शर्मा ने कहा कि लोगों में भ्रांतियां है कि इन्हेलर लेंगे तो इसकी आदत पड़ जाएगी, जबकी ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि श्वांस रोग में मुख्य दवा इन्हेलर है और यह पूरी तरह से सेफ है। अस्थमा और सीओपीडी में अलग-अलग ट्रीटमेंट है, नई दवाएं भी आई है जो पूरी तरह सुरक्षित और असरकारक है। उन्होंने कहा कि एयर वे डिजीज में डॉक्टर और पेशेंट में जो गेप है उसे दूर करने के लिए इस सेमिनार में विचार रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि नींद की बीमारियां, खर्राटे के साथ श्वांस का रुक जाना, इस विषय को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है, श्वांस रोगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो यह मौत का कारण भी बन सकती है। नारायणा हॉस्पिटल की डॉ. शिवानी स्वामी ने कहा कि सांस की बीमारियों के साथ ही स्लिप एपनिया, मोटापा, एलजी होती है, इसका उपचार भी बेहद जरूरी है। हम इस तरह की बीमारियों को नजरअंदाज करते हैं, एलजी के पेशेंट को अस्थमा होना कॉमन है, जल्दी पिकअप करें तो पेशेंट को सिमटम रिलीफ कोलीटी ऑफ लाइफ दे पाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में भी अस्थमा, श्वांस रोग ज्यादा हो रहे हैं। राजस्थान हॉस्पिटल जयपुर की डॉ. शीतू सिंह ने बताया कि शहर की अपेक्षा गांव में श्वांस के रोगी ज्यादा देखने को मिलते हैं। महिलाएं चूल्हे पर रोटी बनाती हैं, पुरूष हुक्का पीते है, जिसमें कहा जाता है कि उसके अंदर का पानी फिल्टर कर देता है, लेकिन ऐसा नहीं है, स्टडी में सामने आया कि इससे श्वांस रोग ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि देश में सीओपीडी मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है, जबकी राजस्थान की बात करें तो राजस्थान में सबसे ज्यादा मौत श्वांस रोग से होती है। इस और ध्यान देने की आवश्यता है, प्रदूषण को कम किया जाना चाहिए। इसके साथ ही पराली जलाई जाती है वह एयर पॉल्यूशन का बड़ा कारण है और श्वांस रोग इससे होते हैं जो जानलेवा होते हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीयल पॉल्यूशन भी बड़ा खतरा बन रहा है। डॉ. डंग ने बताया कि हाड़ौती एयर वे डिसऑर्डर कॉनक्लेव 2025 के तहत गुडगांव से डॉ. नीतू तलवार, इंदौर से डॉ. रवि दोषी, डॉ. शीतू सिंह, डॉ. निष्ठा सिंह, डॉ. केके शर्मा, डॉ. नितिन जैन, डॉ. शिवानी स्वामी, डॉ. रजनीश शर्मा ने व्याख्यान के माध्यम से जहां जागरूकता पैदा की वहीं नई तकनीक के साथ ही नई दवाओं के प्रयोग के बारे में बताया।

## ड्राइवर की कमजोर आँखे दुर्घटना का कारण : डीटीओ

**कोटा,** (निसं)। परिवहन विभाग, बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान, टीम जीवनदाता, कोटा सड़क सुरक्षा समिति, लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सहयोग से रविवार को कड़ाके की सर्दी में भी सेवा कार्य किए गए और बड़ तिराहा प्राइवेट बस स्टेंड पर नेत्र जांच शिविर व पोष बड़े का आयोजन किया गया। कोटा सड़क सुरक्षा समिति के सहसचिव भुवनेश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शिविर प्राइवेट बस स्टैंड बड़ तिराहे पर लगाया जाएगा जिसके नेत्र परीक्षण के उपरान्त निःशुल्क चश्मे बांटने का निर्णय लिया गया। शिविर में बस ऑपरेटर्स, बस मालिक, वर्कशॉप स्टॉफ, मुसाफिर व आमजन के नेत्रों की जांच की गई और चश्मा लगाने के लिए कहा वहीं लोगों को समझाईश की गई की वह चश्मा पहनने को आदत बना ले नहीं तो आंखे ज्यादा कमजोर हो जाएगी। कमजोर होती आंखों के उपरांत मोतियाबिंद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस अवसर पर बस एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने पोष बड़े की भी व्यवस्था की जिसने बडी संख्या में यात्रियों, बस चालकों उपस्थित लोगो ने ठिठुरती सर्द में भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू, संभागीय अध्यक्ष नोहशीन खान, महासचिव परवेज खान, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह हाड़ा, कोटा बस मालिक संघ कोटा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, महासचिव शकील मिर्जा व समस्त बस ऑपरेटर ने इस कार्य की सराहना करते हुए नियमित शिविर लगाए जाने की बात कही।

# धूमपान सामग्री बेचने वाले डिलीवरी बॉय को किया गिरफ्तार




धूमपान सामग्री बेचने डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया ।

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाडी पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए कोचिंग एरिया में धूमपान सामग्री सप्लाई करने वाली कंपनी के डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया है पुलिस को लंबे समय से कोचिंग एरिया में ऑनलाईन प्रोडक्ट सेल कंपनी की ओर से धूमपान सामग्री बेचने की शिकायत मिल रही थी। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि कोचिंग एरिया में लगातार शिकायत मिलने पर मिलने पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक गंगा सहाय शर्मा के सुपरविजन एवं कुन्हाडी थानाधिकारी अरविन्द्र भारद्वाज के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने लेण्डमार्क सिटी कोचिंग एरिया में कार्यवाही करते हुए कम उम्र के बच्चों एवं कोचिंग छात्रों को धूमपान सामग्री डिलीवरी करते ब्लिकिंट कंपनी के डिलीवरी बॉय पूनम कॉलोनी निवासी सत्यप्रकाश (48) को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि ब्लिकिंट कंपनी का लेण्डमार्क सिटी में कार्यालय है जिसके प्रतिनिधि को पूर्व में कुन्हाडी पुलिस द्वारा पत्र लिखकर नाबालिग छात्रों को धूमपान व नशे की सामग्री सप्लाई नहीं करने के बारे में अवगत करवाया गया था।

इसके उपरांत भी कंपनी द्वारा बच्चों को धूमपान व नशे की सामग्री और ऑर्डर के साथ डिलीवरी की जा रही है। शहर एसपी ने बताया कि इस मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है, साथ ही जांच की जा रही है कि कंपनी के कौन-कौन लोग इसमें शामिल है।

## सार-समाचार

### एलन ने किया चैम्पियन स्टूडेंट्स का सम्मान




**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से चैंम्पियन-डे रविवार को जवाहर नगर स्थित समुन्नत कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। यहां अकेडमिक उपलब्धियों के साथ अन्य क्षेत्रों में भी श्रेष्ठ करने वाले कक्षा 3 से 10 तक के स्टूडेंट्स को गोल्ड व सिल्वर मैडल, कैश रिवार्ड व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूरे देश से स्टूडेंट्स परिवार के साथ कोटा पहुंचे। हर क्लास से टॉप-10 स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टी-20 वर्ल्डकप-2024 टीम का हिस्सा रहे इंडियन क्रिकेटर कुलदीप यादव रहे। कुलदीप ने अपने जीवन के अनुभवों से कोटा आए देशभर के टैलेंट को मोटिवेट किया। उन्होंने खेल और पढ़ाई की चुनौतियों में समानता बताते हुए इनसे बाहर आने और सफलता प्राप्त करने के टिप्स भी दिए। इस दौरान एलन के निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ. बृजेश माहेश्वरी मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल हुए इंडियन क्रिकेटर कुलदीप यादव ने कहा कि 13 साल पहले रणजी खेलने कोटा आया था। इसके बाद अब आ रहा हूं लेकिन कोटा के बारे में सुना बहुत है। कोटा कॅरियर बनाता है। यहां से पढ़े डॉक्टर, इंजीनियर पूरे देश-दुनिया में हैं। बातचीत में कुलदीप यादव ने कहा कि सफल होने से ज्यादा अच्छा इंसान होना जरूरी है। आपके मन में सामने वाले के लिए सम्मान होना चाहिए। मैं सभी को सम्मान देने की कोशिश करता हूं। स्टूडेंट्स को मेरा मैसेज रहता है कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। जमकर मेहनत करते रहें फल मिलेगा ही। फेल्योर से घबराना नहीं है। मैंने 11 वर्ष की उम्र में खेलना शुरू किया, कई बार फेल हुआ। पहले फुटबॉल खेलता था, इंजरी हुई तो चाचा जी ने मुझे क्रिकेट खेलने की सलाह दी। इसके बाद बहुत कठिन सफर रहा तब जाकर क्रिकेटर बन सका। जीवन में कोच की भूमिका बहुत अहम होती है। यदि लक्ष्य बड़ा है तो कम उम्र से कोचिंग शुरू होनी चाहिए। मेरे क्रिकेट कॅरियर में कोच की भूमिका बहुत बड़ी है। वो मेरा कॅरियर बनाने के लिए जुनूनी थी, हर जगह मेरे साथ रहते थे। मुझे गलत करने से रोकते थे। मैं मानता हूं कि हमें हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। एक मोटिवेटर या सपोटर नहीं होता हर कदम पर आप किसी से भी सीख सकते हैं। ये आप पर निर्भर करता है। एलन चौम्प में क्लास के टॉपर को 15 ग्राम का गोल्ड मैडल तथा कक्षा 3 से 7 तक के टॉपर को 1 लाख रुपए नकद एवं 8 से 10 तक के टॉपर को 2 लाख रुपए कैश रिवार्ड के साथ गिफ्ट बैग का पुरस्कार दिया गया। इसी तरह रैंक-2 पर रहने वाले स्टूडेंट्स को 10 ग्राम का गोल्ड मैडल कक्षा 3 से 7 तक को 75 हजार रुपए कैश रिवार्ड एवं 8 से 10 तक के स्टूडेंट्स को 1.50 लाख रुपए का कैश रिवार्ड दिया गया। रैंक-3 पर रहने वाले स्टूडेंट्स को 5 ग्राम का गोल्ड मैडल कक्षा 3 से 7 को 50 हजार रुपए का कैश रिवार्ड तथा 8 से 10 तक को 1 लाख रुपए का कैश रिवार्ड दिया गया। इसी तरह रैंक 4 से 10 तक के स्टूडेंट्स को भी सिल्वर मैडल, कैश रिवॉर्ड और गिफ्ट बैग उपहार में दिए गए।

### पतंगबाजी में जान का जोखिम

**कोटा,** (निसं)। शत प्रतिशत ट्रेनों का कोटा रेल मंडल में संचालन हाई वोल्टेज के विद्युत के तारों के माध्यम से होता है। इनमें 25000 वोल्ट का विद्युत प्रवाह (करंट) बिजली के तारों में होता है, जिनमें 24 घंटे निरन्तर विद्युत प्रवाह (करंट) चालू रहता है। यदि पतंग का मांझा इन बिजली के तारों में उलझ जाये तो करंट इस मांझे के गीले, मेटेलिक अथवा अन्य कारणों से सीधे पतंग उड़ाने वाले तक पहुंच कर खतरनाक व जानलेवा साबित हो सकता है। पूर्व में भारतीय रेल के तारों में पतंगबाजी के कारण इस तरह की कई घटनाये घटित हो चुकी है। मकर संक्राति के दौरान रेल प्रशासन सभी आमजनो को सजग करते हुए निवेदन करता है कि रेल लाइन के आस-पास पतंगबाजी से परहेज करें, ताकि किसी अनहोनी/जनहानि से बचा जा सकें। साथ ही पतंग व इसके मांझे के बिजली के तारों में उलझने से रेल संचालन में रूकावट व यात्री सेवा में होने वाली देरी से बचा जा सकें।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान दो अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही करते हुए दो अवैध देशी कट्टे सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक अमर चंद ने जाप्ते के साथ इलाके में गश्त के दौरान उम्मेदगंज मैन रोड पर उम्मेदगंज निवासी लोकेश मीणा (24) को अवैध देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया। वहीं थाने के सहायक उपनिरीक्षक शूरवीर सिंह ने गश्त के दौरान न्यू मोटर मार्केट मल्टीमेटल फैक्ट्री के समीप लोहारो का मोहल्ला निवासी रोहित कुमार जागा (19) को अवैध देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया।

### एक किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। अनंतपुरा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा एक किलो 170 ग्राम सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन नश्वर के तहत गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए एक जने पर संदेह होने पर तलाशी ली गई तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा एक किलो 170 ग्राम बरामद हुआ। थानाधिकारी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट कार्यवाही करते हुए अनंतपुरा निवासी अब्दुल आरिफ (29) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

### युवती को जलाने का किया प्रयास

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में कुछ लोगों ने घर में घुसकर एक युवती पर पेट्रोल डालकर उसे जलाने का प्रयास किया। युवती को झुलसी अवस्था में उपचार के एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया उम्मेदगंज इलाके में एक युवती को जलाने के प्रयास का मामला सामने आया है। युवती उम्मेदगंज निवासी रवीना (20) है। परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### विद्युत कर्मी सुंदरकांड पाठ कर मनाएंगे ऊर्जा मंत्री का जन्मदिन

**कोटा,** (निसं)। भारतीय मजदूर संघ कोटा के विद्युत उत्पादन, वितरण व प्रसारण निगमों के बिजली कर्मचारियों ने ऊर्जा मन्त्री का जन्म दिन सुंदरकांड का पाठ करके मनाने का निर्णय लिया हे। ऊर्जा मन्त्री हीरालाल नागर का जन्म दिन 14 जनवरी को है इसलिये उनके जन्मदिन के एक दिन पूर्व 13 जनवरी सोमवार को पाँचों बिजली कम्पनी के कर्मचारी उनकी दिर्घायु व उत्तम व्यवस्था की मनोकामना के साथ राज्य में 24 घण्टे निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो और पाँचों विद्युत निगम का स्वामित्व राज्य सरकार के अधीन ही रहे इस मनोकामना के साथ भारतीय मज़दूर संघ कोटा के विद्युत उत्पादन, वितरण व प्रसारण निगमों के बिजली कर्मचारी सोमवार को दोपहर 2 बजे से सुंदरकांड पाठ करेंगे तत्पश्चात बिजली कर्मी मन्दिर में प्रसाद वितरण करेंगे।

## पौष बड़ा उत्सव आयोजित

**कोटा,** (निसं)। लाल बहादुर शास्त्री पार्क एवं गुरु अर्जन देव पार्क समिति द्वारा रामलला प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य पौष बड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शास्त्री नगर, दादाबाड़ी में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम दरबार की पूजा-अर्चना और रामलला की आरती से हुआ।

**खोया पाया**

मेरे प्लॉट नंबर 5B सुंदरम नगर देवपुरा बूंदी का सादिक हुसैन को नरेंद्र, जितेंद्र और महेंद्र द्वारा जारी किया गया ओरिजिनल मुख्तारनामा रास्ते में कई खो गए हैं। जिस किसी को भी मिले निम्न पते पर सूचित करें।
**राजेश शर्मा पुत्र बंशीलाल शर्मा जवाहर कॉलोनी बूंदी (राज.)**

**खोया पाया**

मेरे प्लॉट नंबर 5A सुंदरम नगर देवपुरा बूंदी का ललित जैन और दयाराम वाली पुरानी ओरिजिनल रजिस्ट्री तथा सलीम अहमद का ओरिजिनल मुख्तारनामा रास्ते में कई खो गए हैं। जिस किसी को भी मिले निम्न पते पर सूचित करें।
**गौरव शर्मा पुत्र रामकरण शर्मा 1H4 विकास नगर बूंदी (राज.)**